# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




## 18 MAY 2026

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

# Q. राजस्थान में भू-जल स्तर और जल संचयन में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए (गंगा दशमी) से 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान का शुभारंभ कब होगा?

(A) 30 मई 2026

(B) 28 मई 2026

(C) 26 मई 2026

(D) 25 मई 2026

प्रदेश में भू-जल स्तर और जल संचयन में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए 25 मई (गंगा दशमी) से 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान का शुभारंभ होगा। अभियान की शुरूआत मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर से करेंगे। प्रदेशभर में अभियान 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) तक चलेगा।

इस अभियान में जल संसाधन विभाग द्वारा नदी, वृहद एवं मध्यम बांध, सरोवर, नहरों की पूजा, नहरों एवं खालों की जल उपयोगिता संगम एवं किसानों के सहयोग से साफ-सफाई, जल शक्ति अभियानः कैच द रैन अंतर्गत कार्यक्रम, जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम, नए कार्यों का शिलान्यास, भूमि पूजन एवं पूर्ण कार्यों का अवलोकन व लोकार्पण जैसे विभिन्न कार्य होंगे।

26 मई को विशेष ग्राम सभाएं और 4 जून को होगी 'रन फॉर एन्वायरमेंट' है

## Yesterday Revision

01. रोहतक (हरियाणा) में आयोजित फ्लैग फुटबॉल लीग चैंपियनशिप 2025-26 में राजस्थान ने 3 स्वर्ण + 1 रजत पदक जीते

02. दुनिया के प्रतिष्ठित ग्लोबल ट्रैवल सर्वे 2025 में जयपुर (राजस्थान) को दुनिया के टॉप 5 टूरिस्ट सिटी में शामिल किया गया है।

03. प्रधानमंत्री ई-ड्राइव (PM E-DRIVE) योजना के अंतर्गत राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) के चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए 250 स्थानों को चिन्हित किया गया है।

04. राजस्थान का पहला सेमीकंडक्टर प्लांट भिवाड़ी (अलवर) के सलारपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित किया गया है।

05. राजस्थान सरकार की मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत वर्तमान में सहकारी दुग्ध उत्पादक संघों (सरस डेयरी) को दूध सप्लाई करने वाले पशुपालकों को 5 रुपये प्रति लीटर की दर से बोनस/अनुदान राशि प्रदान की जा रही है।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) जयपुर की ब्यूटी क्वीन शिखा शर्मा को '100 आइकॉनिक विमन ऑफ इंडिया 2026' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

(B) नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में अवॉर्ड सेरेमनी में पुरस्कार प्रदान किया गया

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं



**Important Facts:**

- नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस समारोह में देशभर से चयनित 100 प्रेरणादायक महिलाओं को सम्मानित किया गया।
- इस दौरान जयपुर की ब्यूटी क्वीन शिखा शर्मा को '100 आइकॉनिक विमन ऑफ इंडिया 2026' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- गौरतलब है कि दया दृष्टि फाउंडेशन की संस्थापक निदेशक शिखा शर्मा सामाजिक कार्यों में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने विभिन्न मंचों पर अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व से विशेष पहचान बनाई है।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) प्रो. कैलाश डागा को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (सुविवि) का कुलगुरु नियुक्त किया गया है

(2) प्रो. डागा का कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष के लिए होगा।

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं



**Important Facts:**

- मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (सुविवि) को आखिरकार स्थायी नेतृत्व मिल गया है। जेएनवीयू जोधपुर के वरिष्ठ केमिस्ट्री प्रोफेसर प्रो. कैलाश डागा ने नए कुलगुरु के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया।
- राजस्थान के राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने उनकी नियुक्ति की।
- कार्यकाल: प्रो. डागा का कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष के लिए होगा।
- इससे पहले, प्रो. सुनीता मिश्रा के इस्तीफे के बाद प्रो. बी.पी. सारस्वत अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे थे।

**03. राजस्थान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु कौनसा अभियान चलाया गया है?**

(A) ऑपरेशन साइबर सिक्योरिटी

(B) ऑपरेशन साइबर शील्ड

(C) ऑपरेशन साइबर वार

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- प्रदेश (राजस्थान) में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने, साइबर अपराधियों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करने तथा नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच द्वारा विशेष रूप से 'ऑपरेशन साइबर शील्ड' अभियान चलाया गया है।
- ऑपरेशन साइबर शील्ड जिसका मुख्य उद्देश्य शिकायतों का समाधान करना, प्रमुख साइबर अपराध क्षेत्रों की पहचान करना, संदिग्ध सिम कार्डों को ब्लॉक करना और जनता में जागरूकता बढ़ाना है।
- वर्ष 2030 तक समस्त जिलों में साइबर पुलिस स्टेशन स्थापित होंगे।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान राज्य जिम्नास्टिक्स संघ का अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ को चुना गया है

(2) राजस्थान राज्य जिम्नास्टिक्स संघ के वर्ष 2026-2030 कार्यकाल हेतु चुनाव हुए

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं



**Important Facts:**

- राजस्थान राज्य जिम्नास्टिक्स संघ के वर्ष 2026-2030 कार्यकाल हेतु चुनाव 17 मई को सौहार्दपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुए।
- चुनाव अधिकारी रामगोपाल शर्मा की देखरेख में आयोजित चुनाव में जिम्नास्टिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से ऑब्जर्वर ओ. पी. रणौत, राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ की ओर से सी. पी. जोशी तथा राजस्थान राज्य खेल परिषद की ओर से वाई. बी. सिंह उपस्थित रहे।
- चुनाव में चैन सिंह राठौड़ को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर विक्रम सिंह भाटी, हिम्मत सिंह चौहान, अनुराग आर्या एवं कैलाश चन्द्र मुंद्रा चुने गए।

**05. राजस्थान सरकार ने वर्ष 2030 तक कितने गीगावाट अक्षय ऊर्जा भंडारण परियोजना स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया है,**

**(A) 115 गीगावाट**

**(B) 215 गीगावाट**

**(C) 167 गीगावाट**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:**

- राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक, 115 गीगावाट अक्षय ऊर्जा तथा 10 गीगावाट की ऊर्जा भंडारण परियोजना स्थापना का, लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे वर्ष 2047 तक 290 गीगावाट किया जाएगा।
- 6 हजार मेगावाट बैट्री स्टोरेज क्षमता का आवंटन किया जा चुका है और 6 हजार 400 मेगावाट की परियोजना प्रक्रिया में हैं।

जयपुर, शनिवार, 16 मई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-86

1. प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना' के तहत राजस्थान में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए कितने स्थानों को चिन्हित किया गया है?
(A) 150
(B) 200
(C) 250
(D) 500

2. **अम्बेडकर** डीबीटी वाउचर योजना का लाभ किसी भी पात्र छात्र को अधिकतम कितने वर्षों तक प्रदान किया जा सकता है?
(A) 2 वर्ष
(B) 3 वर्ष
(C) 4 वर्ष
(D) 5 वर्ष

3. भारत ने किस वर्ष तक 'नेट जीरो' (यानी जितना कार्बन हम पर्यावरण में छोड़ते हैं, उतना ही वापस सोख कर कार्बन उत्सर्जन को संतुलित/शून्य करने) का लक्ष्य रखा है?
(A) वर्ष 2070 तक
(B) वर्ष 2047 तक
(C) वर्ष 2050 तक
(D) वर्ष 2060 तक

4. **अक्षय** ऊर्जा, बायो फ्यूल, ऊर्जा भंडारण और ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार ने हाल ही में कौन सी नई नीति जारी की है?
(A) राजस्थान सौर ऊर्जा नीति 2025
(B) राजस्थान हरित ऊर्जा मिशन 2026
(C) राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024
(D) राजस्थान ई-मोबिलिटी नीति 2025

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक खेल' के तहत उदयपुर जिले का खेल कौन सा है?
(A) तीरंदाजी
(B) एथलेटिक्स
(C) तैराकी
(D) कबड्डी

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान सरकार की मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत वर्तमान में डेयरी को दूध सप्लाई करने वाले पशुपालकों को कितने रुपये प्रति लीटर की दर से बोनस/अनुदान राशि प्रदान की जा रही है?**

(A) 7 रुपये प्रति लीटर

(B) 10 रुपये प्रति लीटर

(C) 5 रुपये प्रति लीटर

(D) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine